Gram : UNIVERSITY
FAX: 0512-2585280
Web: www.kanpuruniversity.org
e-mail I.D.-coe@kanpuruniversity.org

	OFF.	RESI.
V.C. :	2581280	2584280
REGI.:	2580044	2580281
Office :		

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर
KALYANPUR, KANPUR

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/397/2020

दिनांक :15/07/2020

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक/सचिव,
समस्त सम्बद्ध राजकीय/सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय,
सी.एस.जे.एम.वि.वि.,कानपुर।

विषयः– कोविड–19 से बचाव हेतु प्रदेश के महाविद्यालयों/कार्यालयों में कोविड हेल्प डेस्क स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को सम्बोधित, शिक्षा निदेशक(उच्च शिक्षा), उ0प्र0, प्रयागराज के संलग्न पत्रांक डिग्री विकास/448–50/2020–21 दिनांक 13/07/2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसकी प्रतिलिपि अधोहस्ताक्षरी को भी प्रेषित की गयी है।

उक्तानुक्रम में अवगत कराना है कि चिकित्सा अनुभाग–5, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र सं0 1317/पांच–5–2020 दिनांक 22.06.2020 के अनुपालन में दिनांक 03.07.2020 को शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रेषित पत्र के माध्यम से सभी सम्बद्ध राजकीय/सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों को कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना एवं कियान्वयन के सम्बन्ध में पूर्व में सूचित किया गया था।

तद्नुक्रम में आपसे अनुरोध है कि उच्च शिक्षा निदेशक के संलग्न पत्र दिनांक 13/07/2020 के आलोक में अपने महाविद्यालय में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना एवं कियान्वयन के सम्बन्ध में सूचना सम्बन्धित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को 15/07/2020 तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

संलग्नक–यथोपरि,

डॉ0(अनिल कुमार यादव)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर/लखनऊ।
2. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को आज ही सम्बद्ध समस्त राजकीय/सहायता प्राप्त अशासनकीय महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन पर पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
4. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner

अनुस्मरण पत्र–2

ेषक,

शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा)
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः डिग्री विकास/ / 2020–21 दिनांक : 13/07/2020

विषयः–कोविड–19 से बचाव हेतु प्रदेश के कार्यालयों में कोविड हेल्प डेस्क स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में सूच्य है कि इस कार्यालय के पत्रांकः डिग्री विक़ास/371/2020–21 दिनांक 03.07.2020 के साथ संलग्नक चिकित्सा अनुभाग–5 के पत्र संख्या–1317/पांच–5–2020 दिनांक 22.06.2020 तथा इस कार्यालय द्वारा अनुस्मरण पत्र डिग्री विकास/378/2020–21 दिनांक 07.07.2020 से आपकों निर्देशित किया गया था कि समस्त कार्यालयों में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना एवं कियान्वयन के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है, किन्तु पर्याप्त समय व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी अद्यतन सूचना संदर्भित लिंक पर प्रदर्शित नहीं हो रही है।

अतः आपकों पुनः अन्तिम अवसर देते हुए यह निर्देशित किया जाता है कि आप अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले समस्त राज्य विश्वविद्यालय/राजकीय/सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों से जनपदवार सूचना एकत्रित कर प्रेषित प्रारूप पर दिनांक 15.07.2020 तक लिंक http://tinyurl.com/y9no5cym पर अपलोड करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में शासन को अवगत करा दिया जाएगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

भवदीय,

डॉ0 (वन्दना शर्मा)
शिक्षा निदेशक (उ0शि0) उ0प्र0,
प्रयागराज।

पृ0सं0–डिग्री विकास/ 448 – 50 / तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. कुलसचिव, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।

डॉ0 (वन्दना शर्मा)
शिक्षा निदेशक (उ0शि0) उ0प्र0,
प्रयागराज।

Scanned with CamScanner